स्पीड पोस्ट

# जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश

## भारत सरकार, गृह मंत्रालय

## Directorate of Census Operations, Uttar Pradesh

## Government of India, Ministry of Home Affairs

(विविध प्रशासन अनुभाग)

पत्रांकः वि0प्र0/डीसीओ–यूपी/ए–1871 दिनांकः 30/08/2016

सेवा में,

डा0 रविशंकर,
संयुक्त निदेशक,
भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय,
2/ए, मानसिंह रोड,
नई दिल्ली–110011

विषयः जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के कार्यालय भवन सेक्टर–जी, अलीगंज, लखनऊ की सामग्री सहित सफाई कार्य हेतु निविदा आमंत्रित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय, नई दिल्ली के पत्र सं. 33047/10/2011–जी.एस. दिनांक 19.08.2016 के संदर्भ में अवगत कराना है कि ई–टेण्डर की कठिनाईयों को देखते हुए एवं समय सीमा के दृष्टिगत जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के कार्यालय भवन सेक्टर–जी, अलीगंज, लखनऊ की सामग्री सहित सफाई कार्य हेतु निविदा को भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय की वेबसाइट www.censusindia.gov.in पर अपलोड किया जाना अपेक्षित है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान सफाई कार्य कर रही संस्था की स्वीकृति भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 27.09.2016 तक ही प्राप्त है, में मात्र एक माह का समय शेष है।

कृपया उपरोक्त विषयक इस निदेशालय के पत्र सं. वि0प्र0/डीसीओ–यूपी/ए–1283 दिनांक 12.07.2016 तथा भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय, नई दिल्ली के पत्र संख्या डी–33017/2/2016–जी.एस. दिनांक 03.08.2016 के संदर्भ में प्रेषित इस निदेशालय के पत्र सं. वि0प्र0/डीसीओ–यूपी/ए–1785 दिनांक 17.08.2016 का संदर्भ ग्रहण करें। जिनके द्वारा इस निदेशालय के कार्यालय भवन, सेक्टर–जी, अलीगंज, लखनऊ की वाह्य संस्था द्वारा सफाई कार्य के सम्बन्ध में निविदा आमंत्रण पत्र भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय, नई दिल्ली की वेबसाइट www.censusindia.gov.in पर अपलोड करवाने हेतु प्रेषित किया गया था। जिसमें भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय, नई दिल्ली के उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा निर्देशित शर्तों को निविदा के बिन्दु संख्या 26, 27 एवं 28 पर सम्मिलित कर लिया गया है। परन्तु उपरोक्त निविदा यथातिथि तक वेबसाइट पर अपलोड नहीं हो सकी है, के कारण निविदा की तिथि दिनांक 31.08.2016 से बढ़ाकर 08.09.2016 तक की जाती है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त परिस्थिति एवं समयाभाव को दृष्टिगत रखते हुए संलग्न प्रेषित की जा रही निविदा को भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय, नई दिल्ली की वेबसाइट www.censusindia.gov.in पर अपलोड करवाने की कृपा करें।

भवदीय,

संलग्नकः यथोपरि।

(ए.के. राय)
सहायक निदेशक
कार्यालय अध्यक्ष

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषितः–**

1. श्री पंकज कुमार देवरानी, अवर सचिव, भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय, 2/ए, मानसिंह रोड, नई दिल्ली–110011
2. श्री वी. श्री निवासन, संयुक्त निदेशक ईडीपी विंग, पुष्पा भवन, भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय, नई दिल्ली।
3. श्री एम.एम. पाण्डेय, सहायक निदेशक, भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय, 2/ए, मानसिंह रोड, नई दिल्ली–110011

(ए.के. राय)
सहायक निदेशक

भारत की जनगणना CENSUS OF INDIA 2011

जनगणना भवन, प्लाट नं० सी.सी.-1, सेक्टर-जी, अलीगंज, लखनऊ-226 024
Jangarna Bhawan, Plot No. C.C.-1, Sector-G, Aliganj, Lucknow-226 024
Phone : 0522-2322913, Fax : 0522- 2322911 E-mail:dco-utp.rgi@censusindia.gov.in

# जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश

भारत सरकार, गृह मंत्रालय

Directorate of Census Operations, Uttar Pradesh

Government of India, Ministry of Home Affairs


पत्रांक : वि.प्र./डी0सी0ओ0–यूपी/ए– 1872 दिनांक : 30 अगस्त, 2016

## –:: विज्ञप्ति ::–

जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा वित्तीय वर्ष 2016–17 में निदेशालय के कार्यालय भवन, प्लाट सं. सीसी–1, सेक्टर–जी, अलीगंज, लखनऊ की सामग्री सहित सफाई कार्य हेतु निविदा पद्धति (तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा) के अन्तर्गत निविदायें आमंत्रित की जा रही हैं। इच्छुक निविदा दाता अपनी मुहर बन्द निविदा दिनांक 08.09.2016 सांय तीन बजे तक जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश, जनगणना भवन, प्लाट संख्या सी.सी.–1, सेक्टर–जी, अलीगंज, लखनऊ–226024 में रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट/कोरियर के माध्यम से भेज सकते हैं। निविदा फार्म जनगणना कार्य निदेशालय, उ0 प्र0, जनगणना भवन, प्लाट संख्या सी.सी.–1, सेक्टर–जी, अलीगंज, लखनऊ से रू0 500/ (रू0 पाँच सौ) मात्र नकद अथवा रेखांकित बैंक ड्राफ्ट (आहरण एवं वितरण अधिकारी, जनगणना कार्य निदेशालय, उ0 प्र0, लखनऊ के पक्ष में देय) जमा करके दिनांक 07.09..2016 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 1:00 बजे एवं अपरान्ह 1:30 बजे से सांय 5:00 बजे तक प्राप्त कर सकते है। निविदा शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं होगा। निविदा फार्म भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय, नई दिल्ली की वेबसाइड संख्या www.censusindia.gov.in(tender) से भी डाउन लोड किया जा सकता है।

संयुक्त निदेशक

दूरभाष नं. 0522–2331211, 2322913, 2322914

फैक्स नं. 0522–23229111


जनगणना भवन, प्लाट नं० सी.सी.-1, सेक्टर-जी, अलीगंज, लखनऊ-226 024

Jangarna Bhawan, Plot No. C.C.-1, Sector-G, Aliganj, Lucknow-226 024

Phone : 0522-2331211, 2322913, 2322914 Fax : 0522- 2322911 E-mail:dco-utp.rgi@censusindia.gov.in


2011

जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश
भारत सरकार, गृह मंत्रालय

**Directorate of Census Operations, Uttar Pradesh**

**Government of India Ministry of Home Affairs**

(वि0प्र0 अनुभाग)

पत्रांक: वि0प्र0/डीसीओ–यूपी/ए–1872 दिनांक:30/08/2016

**जनगणना भवन, जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0 की वाह्य संस्था द्वारा सामग्री सहित सफाई कार्य हेतु मुहर बन्द निविदाओं (तकनीकी एवं वित्तीय) का आमंत्रण**

जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र, लखनऊ के नवीन कार्यालय, जनगणना भवन, सेक्टर–जी, अलीगंज, लखनऊ के चारों तल, बाथरुम, फर्नीचर, विद्युत उपगृह, पम्प हाउस एवं खुला एरिया जिसमें पार्किंग तथा मोटर साइकिल स्टैण्ड भी सम्मिलित है, की सफाई का कार्य सामग्री सहित किया जाना है, जिनका विवरणनिम्नवत् है:–

| क्रम सं0 | स्थान | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) |
|---|---|---|
| 1 | भूतल | 950.93 (03 बाथरुम) |
| 2 | प्रथम तल | 1223.67 (03 बाथरुम) |
| 3 | द्वितीय तल | 1223.67 (02 बाथरुम) |
| 4 | तृतीय तल | 903.97 (02 बाथरुम) |
| 5 | विद्युत उपगृह | 320.67 |
| 6 | पम्प हाउस | 20.90 |
| 7 | खुला एरिया | 1424.06 लगभग |

उक्त कार्य हेतु दो निविदा पद्धति (तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा) के अन्तर्गत निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता अपनी मुहरबन्द निविदायें निर्धारित प्रपत्र अनुलग्न 1 एवं 2 पर जनगणना भवन, सेक्टर–जी, अलीगंज, लखनऊ में दिनांक 08.09.2016 सायं 03:00 बजे तक रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट/कोरियर के माध्यम से प्रेषित कर सकते है। नियम व शर्ते निम्नवत् लागू रहेगी:–

1. निविदा के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी रु0 20,000.00 (रुपया बीस हजार मात्र) का बैंक ड्राफ्ट/पे ऑर्डर/एफ0डी0 अर्नेस्ट मनी के रुप में आहरण एवं वितरा अधिकारी, जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ के पक्ष में देय हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
2. अनुबन्ध अवधि में कार्य छोड़ने पर निविदादाता द्वारा जमा की गई सुरक्षा धनराशि जब्त की जायेगी। साथ ही फर्म को ब्लैक लिस्ट में डालने की कार्यवाही भी की जायेगी।
3. फर्म का पंजीयन ई0पी0एफ0 संगठन, ई0एस0आई0 कार्पोरेशन तथा श्रम विभाग में सम्बन्धित कार्य का भी होना अनिवार्य है। ई0पी0एफ0 संगठन, ई0एस0आई0 कार्पोरेशन तथा श्रम विभाग में पंजीयन बिना फर्म का टेण्डर निरस्त माना जायेगा।
4. फर्म को न्यूनतम मजदूरी अधिनियम का पालन सुनिश्चित करने का प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।
5. प्रथम तल पर डी0डी0ई0 अनुभाग में दो पालियों में कार्य होने पर प्रातः 06:00 बजे से सायं 02:30 बजे एवं सायं 02:30 बजे से रात्रि 11:00 बजे प्रत्येक पाली में सफाई कार्य किया जाना है तथा एयर कंडीशनर, कमरों एवं कम्प्यूटरों की सफाई वैक्यूम क्लीनर्स से प्रशिक्षित सफाई कर्मियों द्वारा आवश्यकतानुसार करानी होगी ताकि वहाँ पर धूलकण आदि साफ हो सके।
6. उपरोक्त क्षेत्रफल को दृष्टिगत रखते हुए सफाई कर्मियों की संख्या नौ (09) होगी तदनुसार न्यूनतम मजदूरी की गणना भी 09 व्यक्तियों के आधार पर ही की जायेगी।
7. कार्यालय में पूर्णरुप से सफाई न करने या किसी क्षेत्र की सफाई छूट जाने पर या सफाई कार्य में लापरवाही करने पर अथवा पर्याप्त मात्रा में सफाई सामग्री का उपयोग न करने पर भुगतान काटा/रोका जा सकता है।



जनगणना भवन, प्लॉट नम्बर सी.सी.–1, सेक्टर–'जी', अलीगंज, लखनऊ–226 024
Jangarna Bhawan, Plot No., C.C.-1, Sector-'G', Aliganj, Lucknow-226 024
**Phone:** 0522-2322911 **Fax:** 0522-2322913 **E-mail:** dco-utp.rgi@censusindia.gov.in

8. कार्यालय भवन की सफाई कार्य कार्यालय समय (प्रातः 09:30) से पूर्व ही प्रत्येक दशा में करनी होगी तथा सफाई कर्मियों को सायं 06:00 बजे तक कार्यालय में रहना होगा तथा 02 कर्मचारियों को रात्रि 11:00 बजे तक रहना होगा।
9. निविदा के साथ अपनी दावेदारी मजबूत करने के लिए अन्य विभागों की सूची जहां सफाई कार्य किया हो, स्थाई लेखा संख्या (पैन संख्या) तथा अन्य दस्तावेजों की प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है।
10. निविदादाता किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक उपर्युक्त भवन जिसकी सफाई कार्य के लिए एक वर्ष हेतु अनुबन्ध किया जाना है, का निरीक्षण कर सकते है।
11. प्रत्येक माह के अन्त में अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी से सफाई सामग्री सहित सफाई कार्य संतोषजनक किये जाने सम्बन्धी प्रमाण-पत्र प्राप्त कर बिल के साथ संलग्न करना होगा।
12. निविदा प्रत्येक दशा में दिनांक 29.08.2016 को सायं 03:00 बजे तक स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट/कोरियर द्वारा जनगणना कार्य निदेशालय में प्राप्त हो जानी चाहिए। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरांत प्राप्त होने वाली निविदायें स्वीकार नहीं होगी।
13. प्राप्त तकनीकी निविदायें दिनांक 08.09.2016 को सायं 04:00 बजे तथा वित्तीय निविदायें 09.09.2016 को पूर्वाहन् 11:00 बजे तक इस निदेशालय की क्रय समिति द्वारा निविदा दाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी।
14. टी0डी0एस0 की कटौती नियमानुसार कार्यालय द्वारा की जायेगी।
15. सफाई कर्मियों की आयु 20 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए।
16. फर्म का मुख्यालय उ0प्र0 विशेषकर लखनऊ में होना चाहिए।
17. अनुबन्ध प्रारम्भ में एक वर्ष का होगा, जिसे संतोषजनक कार्य पर दोनों पक्षों की सहमति पर एक वर्ष के लिये बढ़ाया जा सकता है। कार्यकाल के दौरान कार्य संतोषजनक न होने पर एक माह के नोटिस पर अनुबन्ध निरस्त किया जा सकता है।
18. तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा पृथक्-पृथक् मुहर बन्द लिफाफे में रखनी होगी, जिस पर स्पष्ट रुप से तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा लिखा होना चाहिए। उक्त दोनों मुहरबन्द लिफाफों को तीसरे लिफाफें में रखना होगा। तकनीकी निविदा में वांछित प्रपत्र तथा नियम एवं शर्ते पूर्ण होने की दशा में ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।
19. निविदा में मासिक वेतन, ई0पी0एफ, ई0सी0एस0आई0 अंशदान तथा सेवा कर पृथक्-पृथक् दर्शाना होगा।
20. सफल निविदादाता को आहरण एवं विरण अधिकारी (डी0डी0ओ0), जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ के पक्ष में रु0 50,000.00 मात्र की सुरक्षा धनराशि राष्ट्रीयकृत बैंक की सावधि जमा/बैंक ड्राफ्ट जमा के रुप में जमा करनी होगी, जिसकी वैधता अनुबन्ध की अवधि से 06 माह अधिक होनी चाहिए।
21. अन्य निविदादाताओं की अर्नेस्ट मनी LI फर्म को कार्यादेश जारी होने पर बिना किसी ब्याज के वापस कर दी जायेगी।
22. फर्म का पिछले वित्तीय वर्ष 2015-16 में सम्बन्धित कार्य का टर्न ओवर रु0 5,00,000.00 (रुपये पाँच लाख मात्र) से कम नही होना चाहिए।
23. वैक्यूम क्लीनर एवं अन्य सफाई उपकरण इत्यादि की व्यवस्था भी फर्म को अपने स्तर से करनी होगी।
24. निविदा हेतु राज्य सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का अनुपालन ही अनुमन्य होगा।
25. सफाई सामग्री पर किया जाने वाला व्यय एजेंसी चार्जेज में ही सम्मिलित होगा। साथ ही सफाई सामग्री का आइटम वाईज विवरण भी निविदा में संलग्न करना होगा।
26. फर्म इस बात को सुनिश्चित करें कि वाहय स्रोत के कर्मियों का भुगतान उनके आधार नं0 से युक्त बैंक अकाउंट के द्वारा किया जायेगा तथा फर्म को भुगतान तभी किया जायेगा जब फर्म द्वारा वाहय स्रोत के कर्मियों के वास्तविक भुगतान के सम्बन्ध में अपेक्षित दस्तावेज प्राप्त हो जायेगें।
27. सभी वाहय स्रोत से लगाए गए कर्मियों की उपस्थिति का सत्यापन उनके आधार बायोमेट्रिक उपस्थिति पंजिका रिकार्ड/लाग बुक से होना चाहिए।
28. सांविधिक भुगतान जैसे ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0सी0 आदि की प्रतिपूर्ति कर्मचारी के ई0पी0एफ0 अकाउंट मे जमा करने के प्रमाण के रुप में जारी होने के उपरांत की जाएगी।
29. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी, जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ के पास सुरक्षित होगा।
30. निविदा से सम्बन्धित किसी भी प्रकार का वाद-विवाद लखनऊ में ही निस्तारित किया जा सकेगा।

(ए0के0 राय)
सहायक निदेशक
(कार्यालय अध्यक्ष)

DCO-UP-Preeti/Office/Viv.Pra.

सामग्री सहित सफाई कार्य हेतु तकनीकी निविदा का निर्धारित प्रपत्र

निविदा संख्या विविध प्रशासन/डीसीओ–यूपी/ए– दिनांक: / / के संदर्भ में अधोहस्ताक्षरी तकनीकी निविदा के संदर्भ में निम्नलिखित सूचनायें एंव प्रपत्र प्रस्तुत कर रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | फर्म/संस्था का नाम एवं पूरा पता | |
| 2 | दी गयी दरों की वैधता (दिनों में ) | |
| 3 | आयकर विभाग द्वारा जारी पैन नम्बर | |
| 4 | पीएफ एवं ईएसआई से फर्म के पंजीयन की प्रति | |
| 5 | श्रम विभाग से फर्म के संबंधित कार्य के पंजीयन की प्रति | |
| 6 | सेवा कर विभाग से पंजीयन की प्रति | |
| 7 | पिछले तीन वित्तीय वर्ष के आयकर रिर्टन की प्रति | |
| 8 | फर्म द्वारा सरकारी/अर्धसरकारी/उद्योग सेक्टर इत्यादि में किये गये कार्य से संबंधित कार्यदेश की प्रतियां | |
| 9 | फर्म /संस्था का संक्षिप्त विवरण | |
| 10 | जमा अर्नेस्ट मनी (ईएमडी) का विवरण | |
| | कोई अन्य–<br>क.<br>ख.<br>ग. | |

हस्ताक्षर.......................................

नाम .............................................

मोहर ............................................

## सामग्री सहित सफाई कार्य हेतु वित्तीय निविदा का निर्धारित प्रपत्र

निविदा संख्या विविध प्रशासन/डी0सी0ओ0–यूपी/ए–            दिनांक:   /   /      के संदर्भ में अधोहस्ताक्षरी वित्तीय निविदा के संदर्भ में निम्नलिखित सूचनायें एवं प्रपत्र प्रस्तुत कर रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | फर्म का नाम | |
| 2. | पता | |
| 3. | टेलीफोन नम्बर | |
| 4. | सम्बन्धित व्यक्ति | |

सामग्री सहित सफाई कार्य हेतु दी गयी दरों का विवरण

| मासिक दर बेसिक+डीए | पीएफ अंशदान रू0 | ई0एस0आई0 अंशदान | अन्य चार्जेस जैसे– सेवा कर, फर्म का सर्विस चार्ज इत्यादि | कुल दर प्रति माह | प्रति दिन की दर |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

**Following Details is Essentially Required:**

Break up rate details
(Per day)
Sweeper (1 Person)

A-Existing Minimum Wages

B-EPF@13.61%

C.ESI@4.75%

D- Agency Charges

E. Service Tax@ %

Total=A+B+C+D+E

F. Employee Contribution

Break up rate details
(Per day)
Supervisor(1 Person)

A-Existing Minimum Wages

B-EPF@13.61%

C.ESI@4.75%

D- Agency Charges

E. Service Tax@ %

Total=A+B+C+D+E

F. Employee Contribution

हस्ताक्षर ..........................................

नाम ..................................................

मोहर .................................................